राजभाषा हिंदी पर एक दिवसीय कार्यशाला

भाकृअप.–भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल द्वारा राजभाषा हिंदी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 30.06.2023 को किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संस्थान निदेशक एवं अध्यक्ष हिंदी समिति डॉ. एस.पी.दत्ता द्वारा की गयी । अपने सम्बोधन में डॉ.एस.पी.दत्ता ने दैनिक कार्यालयी कार्यो में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर बल दिया तथा हिन्दी को आमजनों से जोड़ने की भाषा बताया। इस अवसर पर हिंदी अधिकारी श्री राजेश तिवारी द्वारा हिंदी अधिनियमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला में डॉ. ए.के. बिस्वास, डॉ. ए.के.त्रिपाठी, व डॉ. प्रभात त्रिपाठी द्वारा हिन्दी के महत्व पर चर्चा की गयी। अन्त में श्रीमती बबीता तिवारी (सचिव राजभाषा) द्वारा धन्यवाद् प्रस्ताव ज्ञापित कर कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया।